राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 23 मई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री रामकिशोर व्यास की जयंती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री हेमाराम चौधरी, अल्पसंख्यक मामलात मंत्री श्री सालेह मोहम्मद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, सचिव श्री प्रशान्त सहदेव शर्मा, श्री जिया उर रहमान, श्रीमती प्रतिष्ठा यादव, विप्र कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू शर्मा, श्री सुशील शर्मा, श्री अयूब खान, श्री गोपाल नावरिया, श्री बृजकिशोर पाठक, श्री राजेश पाण्डे, श्री जयकिशन वर्मा, श्री राजेश अत्री, श्री कालूराम बागड़ा, श्रीमती शांता पाराशर, श्री रामकरण कुमावत, श्री सीताराम बैरवा, श्री हरिनारायण बड़ोलिया, श्री श्रवण चौबे, श्री राजू खान, श्री श्रवण खींची, श्री शरीफ खान, श्री खांगाराम चौधरी, श्री समीर सुखीजा, श्री दीपक धीर व श्री सत्येन्द्र सिंह जादौन तथा स्व. व्यास के सुपुत्र श्री दिनेश व्यास सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. श्री रामकिशोर व्यास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 23 मई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष स्व. श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चुण्डावत की पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 24 मई, 2022 को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 23 मई। राजस्थान सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री हेमाराम चौधरी तथा अल्पसंख्यक मामलात मंत्री श्री सालेह मोहम्मद ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

जनसुनवाई के दौरान श्री हेमाराम चौधरी तथा श्री सालेह मोहम्मद ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्रियों के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, सचिव श्री प्रशान्त सहदेव शर्मा तथा श्रीमती प्रतिष्ठा यादव मौजूद रहे।

दिनांक 24 मई, 2022 को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग मंत्री श्री लालचन्द कटारिया तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, मुद्रण एवं लेखन सामग्री (स्वतंत्र प्रभार), शिक्षा, संस्कृति और पुरातत्व विभाग राज्यमंत्री श्रीमती जाहिदा खान जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व विधायक श्री लाखन मीणा, सचिव श्री जसवन्त सिंह गुर्जर व श्री देशराज मीणा इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter